2 'आ' की मात्रा

अनार

छाता

टमाटर

✦ बोलकर पढ़ो :

दाल	जाल	साल	नाव	घाव	दास
आना	जाना	खाना	अनार	अचार	गाजर
आराम	आवाज़	बादाम	पकाना	दरवाज़ा	समाचार

तारा जल भरकर ला।

हाथ बढ़ा। घड़ा पकड़।

राधा का मामा आया।

साथ बड़ा तबला लाया।

रमा पाठशाला जा।

पढ़ कर आ, बाज़ार जा।

अनार, आम, पालक ला।

नए शब्द बनाकर लिखो :

आ
- सान – ....
- ज – ....
- काश – ....

पा
- गल – ....
- लक – ....
- जामा – ....

राधा का मामा

आज राधा का मामा आया।
मामा कार पर आया।
मामा एक बाजा लाया।
राधा चाय बना।
राजन बाज़ार जा। बादाम ला।
गाजर, आम, अनार ला।
राजन बाज़ार गया।
सामान लाया। हलवा बना।
वह एक समझदार लड़का था।





लाल गाजर, हरा मटर

लाल–लाल गाजर
लाल था टमाटर
मटर था हरा–हरा
दाना था भरा–भरा।

खाया एक टमाटर
खाए चार गाजर
मटर था हरा–भरा
खाया दाना हरा–हरा।

अभ्यास

1. चित्रों को पहचानो और उनके नाम लिखो :

....

2. चित्रों को उनके नाम से मिलाओ :

नाव

छाता

ताला

तबला

3. दिए प्रश्नों के उत्तर लिखो :

क. राधा का कौन आया?

राधा का .... आया।

ख. मामा क्या लाया?

मामा .... लाया।

ग. राजन कैसा लड़का था?

राजन .... लड़का था।